श्री जे० के० जैन (मध्य प्रदेश): आपने शिष्टाचार नहीं बरता यह उन्होंने कहा है चेयर को अशिष्ट कहना अभद्र है। आपसे निवेदन करता हूं कि ऐसे शब्दों को आप प्रोसीडिंग से निकलवा दीजिए.... (व्यवधान) इससे इनके हौसले बुलन्द होते हैं। (व्यवधान)

श्री सत्यपाल मलिक: ... (व्यवधान) आपके रवैये से तंग आकर मैं सदन से बहिर्गमन करता हूं।

(इसके पश्चात् माननीय सदस्य ने सदन का त्याग किया)

श्री जे० के० जैन: चेयर की शान के खिलाफ जो शब्द इन्होंने कहे हैं वह प्रोसीडिंग से निकलवा दीजिए। (व्यवधान)

## CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

**Situation arising out of loss of lives and Property of Weaker sections and persons of Minority Communities in Different Parts of the Country**

श्री उपसभापति: कालिंग अटेंशन। श्री असद मदनी।

श्री असद मदनी (उत्तर प्रदेश): मैं आपकी इजाजत से देश के विभिन्न भागों में कमजोर वर्गों तथा अल्पसंख्यक समुदायों के व्यक्तियों के जान माल की हानि से उत्पन्न स्थिति और इस बारे में सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की ओर गृह मंत्री जी का ध्यान दिलाता हूं।

†[شری اسعد مدنی (اتر پردیش):

میں آپکی اجازت سے دیش کے وبھن بھاگوں میں کمزور ورگوں تتھا الپ سنکھیک سموداییوں کے ویکتیوں کے جان و مال کی ھانی سے اتپن استھتی اور اس بارے میں سرکار دوارا اٹھائے گئے قدموں کی اور گرہ منتری جی کا دھیان دلاتا ھوں -]

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI P. C. SETHI): Sir, Coromunal incidents and situations which adversely affect the weaker sections of the society and minority communities have been causing great distress and concern to the GfOveniment^ There will be no two opinions on the need ^o ensure that a durable climate of harmony prevail all over the country.

2. It may be recalled that La view of the resurgance of the communal and castist elements, it was de.-iided by the Prime Minister to revive and reconstitute the National Integration Council.

3, The Committee on Communal and Caste Harmony set up by the Council has met thrice so far. On the recommendations of the Committee, State

†[] Transliteration in Arabic script

Governments have been requested to constitute State level and district level J^ational Integration Committees. Ministry of Information and Broadcasting has prepared an action programme to make the role of mass jnedia more effective in promoting communal hafmony. In the last meeting of this Committee which was held on 30th November, 1982, a draft code •of ethics or political parties in the context of communal and caste harmony and a draft of an appeal containing some do's and dont's were presente'i before the Committee. These l'>vo issues will be taken up again as soon as comments of Members of the Committee are received.

4. The Committee on Education has entrusted the task of review of text* books to the National Council for Educational Research and Training. Efforts "have been made to release the modi-fled history language text books from 198384 session. The recommendations of the Committee on Education regar-•ding Programmes for students and non-student youth to actively involve them in national integration and c;)m-munal harmony activities are under implementation. This Committee would be taking stock of the position as re- ^ards implementation of the iction plan very shortly.

5. It is necessary to identify the deep rooted causes which lead to communal disharmony. In this context the State Governments of Andhra Pradesh, Bihar, Maharashtra Uttar Pradesh and Gujarat have been advised to constitute Working Groups for an in-depth study of the communal problems in icertain endamic areas.

6. The question of controlling communal disturbances and maintaining communal amity is constantly and closely watched by the Government. Cormnunally senstive districts in the •country have been identifled. The State Governments have been advised to undertake a comprehensive review of ^administrative arrangemen^-s for these districts with a view to ensure that communal situations are tackled eiiec-tively and promptly.

T. The State Governments were also advised to consider imoositjon oi restrictions on the holding 01 Shakhas/ drills by militant organisations, particularly in public places like parks, school buildings, e^c. specinlly in se-'^si-tive areas through the judicious exercise of power conferred by *la'w*. Seme State Goevrnments have issued suita-' ble orders in this context.

8. The State Governmenis have been advised to ensure that representation of minority corrutiunities in the police forces and intelligence agencies' is made *rm-.xe* bi'oad based so as to be representative of a cross section cf the society. It has also been suggested to j-hem that special training shcuVi be imparted to the police personnel so as to give them proper rrientation lor handling communal situations.

9. The Central Government is alive to the problems of the weaker sections of the society especially those belonging to Schedule^ Castes and Scheduled Tribes. Scheduled Castes and Tribes, who comprise more than one hundred millions of population^ live below the poverty line. Age old social and cultural handicaps and exploitation's have contributed, to a large extent, tovvards their low level oi living. The Scheduled Tribes live in areas which are relatively under-developed and poorly integrated with the rest of the i;cono-my and people.

10. The causes and factors responsi ble for crimes against Scheduled Castes were analysed in our letter of March, 1980 and conveyed to the States for necessary action. Whenever these weaker sections of the society try to assert their rights, they are put off. In some cases these result on crimes caus ing loss of life and property of the weaker sections.

[Shri P. C. Sethi]

11. We have also written to the State Governments to raise the scales of compensation substantially in ';ases of such loss of life and property due to crimes committed on them and to take up the work of rehabilitation on a massive scale and also to take prompt action to bring the culprits to book. Special police stations and outpo'sts have been established in some States to facilitate submission of reports by Scheduled Castes and Scheduled Tribes. Special courts have also beon brought into being wherever felt neces sary.

12. The States have been asked to impress upon officers, particularly ths police to have a sympathetic attitude towards them. The Central Govern ment have advised the State Govern ments to arrange for training of offi cials for ensuring the right orientation for carrying out the programmes for Scheduled Castes and Scheduled Tribes.

13. Soon after coming to power, this Central Government have issued directives to the State Governments to remove the causes of exploitation by taking positive measures for the ec'no-mic and social development of Sche-duled Castes/Scheduled Tribes^ to narrow down the gap between them and the rest of the population. Special component plans for Scheduled Castes and Tribal sub-Plans for Scheduled Tribes have been especially drawn up.

14. A special thruBt for developments of Scheduled Castes/Scheduled Tribes has been given by including the task of accelerated development of Scheduled Castes/Scheduled Tribes appoint 7 of the Prime Minister's new 20-Point Programme.

15. The Prime Minister has decided to set up a High Power Committee to-go into the grievances of the minority community.

16. All of us know that the vast majority of the people wish to live in peace and in a cordial atmosphere. It is only a small minority of hard core communalists and caste ridden sectarian groups whose activities and evil designs have to be curbed. I have been in touch with the Chief Ministers and have requested them to review the position and take appropriate measures urgently.

17. The Committee *on* Communi;! and Caste Harmony has rightly called upon political parties, religious institutions voluntary organisations, other citizen groups, the press^ leaders of opinion and, indeed, all men of goodwill to condemn any behaviour *i^sA* strikes at the root of secularism and our tradition of religious tolerance and to exhort one and all to actively work for promoting national oneness. The Government would continue to-make very earnest efforts for main taining and sustaining an atmosphere of communal amity in the country on an ending basis and particularly for protecting the interests *aZ* minority communities. Thig is a national en deavour and I appeal to all hon. Mem bers and parties to extend their coope ration. • -.

**श्री असद मदनी** : जनाब, बदकिस्मती से हमारे मुल्क में पिछले दिनों में फिरकेवाराना तनाव हुए और कमजोरों पर जुल्म और ज्यादतियों की फिजा हुई है । इन की सूरते हाल मुल्क में बहुत खराब है। यहां पर मेरठ की बात हुई है । वहां पर वाकयतन जो झगड़ा था वह फर्जी था । वहां के लोग अमन से रहना चाहते थे । लोगों ने मसलों को हल कर लिया था । मजिस्ट्रेट ने अपनी रिपोर्ट दे दी थी । इसके बावजूद उस पर अमल न करके अफसरान ने सूरते हाल को खराब किया और वहां पर झगड़ा हुआ जो लोग जबर्दस्ती पूजा-पाठ के लिए जाना चाहते थे, लोगों ने मना किया लेकिन उस पर दोनों तरफ के लोग जख्मी हुए । लेकिन एक तरफ के लोगों पर जबर्दस्त ज्यादती हुई । 148 आदमियों को पकड़ा गया, मुसलमानों के हाथ-पांव तोड़े गये और हड्डियां तोड़ी गईं। बाहर से लोगों को लाकर यह सब करवाया गया जिससे फिजा बहुत खराब हो गई । लूटने-मारने के वाकयात हुए और लोगों को मुहल्ले के मुहल्ले खाली करने पड़े । इसी तरह से बड़ौदा में हुआ । वहां पर लोग मुहर्रम नहीं मनाना चाहते थे क्योंकि फिजा खराब थी । होम मिनिस्टर और पुलिस कमिश्नर ने इतमिनान दिलाया और कहा कि आप मुहर्रम मनाओं, कुछ नहीं होगा । जो गड़बड़ी करेंगे उनके साथ हम सख्ती से पेश आएंगे । लेकिन बदकिस्मती से वहां मुहर्रम के जलूस के शुरू ही में मामला खराब किया गया और हमला किया गया और उल्टे उन्हीं लोगों को जगह जगह मारा गया । उससे पहले जो हंगामा हुआ था, मामला निपट गया था । वहा के मुसलमानों ने पुलिस कमिश्नर के खिलाफ कोई पेटीशंस नहीं दी । लेकिन गवर्नमेंट ने अपनी मालूमात से जो भी जायजा लिया उसकी वजह से पुलिस कमीश्नर को हटा दिया । लेकिन इसके नतीजे में मुसलमान जिम्मेदार नहीं थे । उन्होंने कोई दरख्वास्त नहीं दी और न कोई जबानी शिकायत की थी । लेकिन वहां सौ से ज्यादा दुकानें लूटी गईं और करीब 50 लाख रुपये का नुकसान हुआ। खुद होम मिनिस्टर ने अपने बयान में कहा है कि दंगे में करीब 10 से ज्यादा आदमी मारे गये और पुलिस कमिश्नर लाया जाय, यह गवर्नमेंट जाने कि वहां उनको लाना मुनासिब है या नहीं । लेकिन इसकी जिम्मेदारी अक्कलियतों पर डाल देना और इस तरह से शहर में बदअमनी, फसाद और बरबादी लाना इस पर कंट्रोल किया जाना चाहिए,

[श्री असद मदनी]

लेकिन कंट्रोल नहीं हो सका । मिलेट्री के लोग गये, उनको गश्त नहीं करने दी गई । कि मिलेट्री वहां चली गई, पहुंच गई किन्तु ऐक्शन उसने शहर में नहीं लिया । इसी तरह से उज्जैन में गड़बड़ हुई । वहां काफी नुकसान हुआ है । मैं आपसे अर्ज करूं कि मुरादाबाद में ठाकुरद्वार इलाके में वहां डाका पड़ा एक शख्स के यहां और उसकी बीबी किसी तरह से घर से निकल गई पुलिस थाने में गई और वहां जाकर उसने यह कहा कि हमारे घर में डाकू हैं, पुलिस भेजो । तो पुलिस ने कोई आदमी थाने से नहीं भेजा । सिर्फ एक चपरासीं मिला, वह भी उस औरत को रोकता है । वह कहती है मैं कैसे रुक जाऊं, वे मेरे शौहर को पीट रहे हैं कुछ करो, भेजो, लेकिन बिल्कुल नहीं भेजते । ऐसा चंदाज है । चीख-पुकार और शौर मचा तो लोग घरों से निकले, डाकुओं का मुकाबला करने के लिये एक शख्स को गोली मार दी गई, लोग मरे, उसमें मुसलमान भी थे और शहरी भी थे, हिन्दू मुसलमान दोनों थे। यह सूरतेहाल पेश आई । खतरा यह है, वैसे, आसार मालूम होते हैं कि बदकिस्मती से उस डाके में पुलिस के लोग शरीक थे और आज तक उस सिलसिले में कोई खास कार्रवाई नहीं हुई। लोगों को थाने में ला ला कर मारा पीटा जाता है, उनको जिनके यहां डाका पड़ा। इस तरह से ला एंड आर्डर की सिचुएशन खराब हो रही है, इसको देखने की जरूरत है । अगर मुजरिमों को सजा न मिले, अगर आफिसरों की बाजपुरसी न हो और जो लोग मारे जायं, जान-माल का नुकसान हो तो उनको मुआवजा दिया जाना चाहिये । हम यही सुनते रहे कि 5 हजार, 7 हजार, 10 हजार जो दिया जा रहा है वह मुआवजा नहीं है, रिलीफ है, मुझसे खुद चीफ मिनिस्टिर गुजरात ने यह बात कही कि मुआवजा देने की नीति अभी तक तय नहीं हुई है। जो 5 हजार रुपया, 7 हजार रुपया, 10 हजार रुपया दिया जाता है वह रिलीफ के तौर पर दिया जाता है । मुआवजा अगर कोई आदमी, मजलूम मर जाय तो ऐसा होना चाहिये जिसको मुआवजा कहा जा सके । इंसान की जिंदगी का मुआवजा 5 हजार, 7 हजार, 10 हजार नहीं हो सकता। तो बहरहाल, मुझे इस बात की खुशी है कि जो बयान दिया गया उसमें कहा गया कि कमेटी कल होने वाली है और तफसील से वह इन चीजों का जायजा लेंगी, हालत को सामने रखा जायेगा । लेकिन जो हालात हैं, बड़े-बड़े आर्गनाइजेशन हैं, लाखों रजाकार हैं वे ट्रेनिंग हासिल कर रहे हैं, खुल्लमखुल्ला हथियारों से, आर० एस० एस० वगैर

और मुल्क के फसादात में वह इन्वाल्व हैं। कई कमीशन हो चुके हैं। किसी भी कम्यूनिटी का कोई आर्गेनाइजेशन जो नीम फौजी है, हथियार रखते हैं, उससे मुल्क की अमनअमान को खतरा है। इस प्रकार के आर्गेनाइजेशन के साथ हुकूमत का रियायत नहीं बरतनी चाहिये। अगर अगर इस तरह की ताकतों के साथ रियायत हुकूमत बरतेगी, पाबन्दी नहीं लगायेगी, उनके साथ सख्ती नहीं करेगी तो इसके नतीजे में देश में बदअमनी और फसादात बढ़ने की सूरत हो सकती है और इससे मुल्क को नुकसान होगा। इसलिये आफिसरों की बाज पुर्सी होनी चाहिये और जो मुजरिम हैं उनके खिलाफ फौरन सख्त कार्यवाही होनी चाहिये। मुझे मेरठ के बारे में और दूसरी जगहों के बारे में पता है कि जिन लोगों के नाम एफ० आई० आर० में थे, जो मुताईन तौर पर मुलजिम हैं, जब भी उनको मौका मिलता है वे कत्ल और कारगिरी करते हैं कम्युनल और गैरकम्युनल जो इस तरह के लोग हैं उनके खिलाफ किसी तरह के मुकदमे कायम नहीं किये गये हैं बावजूद लिस्ट जाने के और मुताईन कर देने के। इन पर अमल होना चाहिये और आफिसरों पर भी अमल होना चाहिए और ऐसी फोर्सेज पर भी तमाम लोग एतमाद करें, खुलकर ऐसी सूरत हो जिससे जो अवाम है जो पब्लिक है वह अमन चाहती है। पब्लिक आमतौर पर फसादात नहीं चाहती कुछ लोग हैं जो गैर-सियासी और सियासी मकसिद के लिये हंगामे और इंतकाम के जजबात पैदा करते हैं उन पर एक्शन लेना चाहिये और आवाम की अमनोअमान से रहने की ख्वाहिश मजबूत करनी चाहिये। इन अल्फाज के साथ हुकूमत की जो कोशिशें हो रही हैं खुदा करे जल्द से जल्द उन पर अमल शुरू हो, सही और मजबूत फैसले हों। इन चीजों का हम खैरमकदम करते हैं और उम्मीद करते हैं कि यह हालात इस तरह से दुरुस्त होंगे और दुश्वारियां दूर होंगी।

†[شری اسعد مدنی : جناب - بدقسمتی سے ہمارے ملک میں فرقہ وارانہ تناؤ ہوئے اور کمزوروں پر ظلم اور زیادتی کی فضا ہوئی ہے - انکی صورتحال ملک میں بہت خراب ہے - یہاں پر میرٹھ کی بات ہوئی ہے - وہاں پر واقعتاً جو جھگڑا تھا وہ فرضی تھا - وہاں کے لوگ امن سے رہنا چاہتے تھے - لوگوں نے مسئلوں کو حل کر لیا تھا - مجسٹریٹ نے اپنی رپورٹ دیدی تھی - اسکے باوجود اسپر عمل نہ کرکے افسران نے صورتحال کو خراب کیا اور وہاں پر جھگڑا ہوا - جو لوگ زبردستی پوجا پاٹ کیلئے جانا چاہتے تھے - لوگوں نے منع کیا - لیکن اسپر دونوں طرف کے لوگ زخمی ہوئے - لیکن ایک طرف کے لوگوں پر زبردست زیادتی ہوئی - ۱۴۸ آدمیوں کو پکڑا گیا - مسلمانوں کے ہاتھ پاؤں توڑے گئے اور ہڈیاں توڑی گئیں - باہر سے لوگوں کو لاکر یہ سب کروایا گیا جس سے فضا بہت خراب ہوگئی - لوٹنے مارنے کے واقعات ہوئے - اور لوگوں

†[] Transleteration in Arabic scripit.

[شری اسعد مدنی]

کو محلے کے محلے خالی کرنے پڑے -
اسی طرح سے بڑودہ میں ہوا
وہاں پر لوگ محرم نہیں منانا
چاہتے تھے کیونکہ فضا خراب تھی -
ہوم منسٹر اور پولیس کمشنر نے
اطمینان دلایا اور کہا کہ آپ محرم
مناؤ - کچھ نہیں ہوگا - جو گڑبڑی
کرینگے انکے ساتھ ہم سختی سے پیش
آئینگے - لیکن بد قسمتی سے وہاں
محرم کے جلوس کے شروع ہی میں
معاملہ خراب کیا گیا اور حملہ
کیا گیا اور الٹے انہی لوگوں کو
جگہہ جگہہ مارا گیا - اس سے
پہلے جو ہنگامہ ہوا تھا - معاملہ
ختم کر دیا تھا - وہاں کے مسلمان
نے پولیس کمشنر کے خلاف کوئی
پٹیشن نہیں دی - لیکن گورنمنٹ
نے اپنی معلومات سے جو بھی جائزہ
لیا اس کی وجہ سے پولیس کمشنر
کو ہٹا دیا - لیکن اس کے نتیجہ
میں مسلمان ذمہ دار نہیں تھے -
انہوں نے کوئی درخواست نہیں دی
اور نہ کوئی زبانی شکایت کی تھی -
لیکن وہاں سو سے زیادہ دوکانیں
لوٹی گئیں اور قریب ۵۰ لاکھ روپیہ
کا نقصان ہوا - خود ہوم منسٹر نے
اپنے بیان میں کہا ہے دنگے میں
قریب دس سے زیادہ آدمی مارے
گئے - اور پرتھم کمشنر لایا جائے -
یہ گورنمنٹ جانے کہ وہاں ان کو
لانا مناسب ہے یا نہیں - لیکن اس

کی ذمہ داری انلوگوں پر ڈال دینا
اور اس طرح شہر میں بد امنی -
فساد اور بربادی لانا اس پر کنٹرول
کیا جانا چاہئے - لیکن کنٹرول نہیں
ہو سکا - ملٹری کے لوگ گئے - ان کو
گشت نہیں کرنے دی گئی کہ ملٹری
وہاں چلی گئی - پہنچ گئی - لیکن
ایکشن اس نے شہر میں نہیں لیا -
اسی طرح سے اجین میں گڑبڑ ہوئی -
وہاں کافی نقصان ہوا ہے - میں آپ
سے عرض کروں کہ مراد آباد میں
ٹھاکر دوارہ علاقہ میں وہاں ڈاکہ
پڑا ایک شخص کے یہاں اور اس
کی بیوی کسی طرح سے گھر سے نکل
گئی پولیس تھانہ میں گئی اور
وہاں جا کر اس نے یہ کہا کہ
ہمارے گھر میں ڈاکو ہیں - پولیس
بھیجو—تو پولیس نے کوئی آدمی تھانے
سے نہیں بھیجا - صرف ایک چپراسی
ملا - وہ بھی اس عورت کو روکتا ہے -
وہ کہتی ہے میں کیسے رک جاؤں -
وہ میرے شوہر کو پیٹ رہے ہیں
کچھ کرو - بھیجو - لیکن بالکل
نہیں بھیجتے - ایسا اندازہ ہے - چیخ
پکار اور شور مچا تو لوگ گھروں سے
نکلے ڈاکوؤں کا مقابلہ کرنے کے لئے -
ایک شخص کو گولی مار دی گئی -
لوگ مرے - اس میں مسلمان بھی
تھے اور شہری بھی تھے - ہندو
مسلمان دونوں تھے - یہ صورتحال
پیش آئی - خطرہ یہ ہے ایسے آثار
معلوم ہوتے ہیں کہ بد قسمتی سے

اس ڈاکہ میں پولیس کے لوگ شریک تھے اور آج تک اس سلسلے میں کوئی خاص کارروائی نہیں ہوئی - لوگوں کو تھانے میں لا لا کر مارا پیٹا جاتا ہے ان کو جن کے یہاں ڈاکہ پڑا - اس طرح لا اینڈ آرڈر کی سچوایشن خراب ہو رہی ہے - اس کو دیکھنے کی ضرورت ہے - اگر مجرموں کو سزا نہ ملے اور افسروں کی باز پرسی نہ ہو - اور جو لوگ مارے جائیں - جان مال کا نقصان ہو تو ان کو معاوضہ دیا جانا چاہئیے - ہم یہ سنتے رہے کہ ۵ ہزار ۷ ہزار ۱۰ ہزار جو دیا جا رہا ہے وہ معاوضہ نہیں ہے - ریلیف ہے - مجھہ سے خود چیف منسٹر گجرات نے یہ بات کہی کہ معاوضہ دینے کی نیتی ابھی تک طے نہیں ہوئی ہے - جو ۵ ہزار روپیہ ۷ ہزار روپیہ ۱۰ ہزار روپیہ دیا جاتا ہے وہ ریلیف کے طور پر دیا جاتا ہے - معاوضہ اگر کوئی آدمی مظلوم مر جائے تو ایسا ہونا چاہئیے جس کو معاوضہ کہا جا سکے - انسان کی زندگی کا معاوضہ ۵ ہزار ۷ ہزار - ۱۰ ہزار نہیں ہو سکتا - تو بہر حال مجھے اس بات کی خوشی ہے کہ جو بیان دیا گیا اس میں کہا گیا کہ کمیٹی کل ہونے والی ہے اور تفصیل سے وہ ان چیزوں کا جائزہ لے گی - حالات کو سامنے رکھا جائے گا لیکن جو حالات ہیں بڑے بڑے

آرگنائزیشن ہیں - لاکھوں رضاکار ہیں - وہ ٹریننگ حاصل کر رہے ہیں - کھلم کھلا ہتھیاروں سے آر - ایس - ایس - وغیرہ اور ملک فسادات میں وہ انوالو ہیں - کئی کمیشن ہو چکے ہیں - کسی بھی کمیونٹی کا کوئی آرگنائزیشن جو نیم فوجی ہے - ہتھیار رکھتے ہیں اس سے ملک کے امن کو خطرہ ہے - اس پرکار کے آرگنائزیشن کے ساتھ حکومت کو رعایت نہیں برتنی چاہئیے - اگر اسطرح کی طاقتوں کے ساتھ رعایت حکومت برتے گی - پابندی نہیں لگائے گی - انکے ساتھ سختی نہیں کریگی تو اسکے نتیجہ میں دیش میں بد امنی اور فسادات بڑھنے کی صورت ہو سکتی ہے اور اس سے ملک کو نقصان ہوگا - اسلئے آفیسروں کی باز پرسی ہونی چاہئیے اور جو مجرم ہیں انکے خلاف فوراً سخت کارروائی ہونی چاہئیے - مجھے میرٹھ کے بارے میں اور دوسری جگہوں کے بارے میں پتہ ہے کہ جن لوگوں کے نام ایف - آئی - آر - میں تھے - جو متعین طور پر ملزم ہیں - جب بھی انکو موقعہ ملتا ہے وہ قتل و غارتگری کرتے ہیں - کمیونل اور غیر کمیونل جو اسطرح کے لوگ ہیں انکے خلاف کسی طرح کے مقدمے قائم نہیں کئے گئے ہیں - باوجود لسٹ جانے کے اور متعین

[شری اسعد مدنی]

کر دیئے کے - ان پر عمل ہونا چاہئے اور افسروں پر بھی عمل ہونا چاہئے - اور ایسی فورسیز پر بھی - تمام لوگ اعتماد کریں - کیونکہ ایسی صورت ہو جس سے جو عوام ہے جو پبلک ہے وہ امن چاہتی ہے - پبلک عام طور پر فسادات نہیں چاہتی کچھ لوگ ہیں جو غیر سیاسی اور سیاسی مقاصد کیلئے علاقہ اور انتقام کے کے جذبات پیدا کرتے ہیں - ان پر ایکشن لینا چاہئے - ان الفاظ کے ساتھ حکومت کی جو کوشش ہو رہی ہے - خدا کرے جلد سے جلد ان پر عمل شروع ہو - صحیح اور مثبت فیصلے ہوں - ان چیزوں کا ہم خیر مقدم کرتے ہیں - اور امید کرتے ہیں کہ یہ حالات اسطرح سے دور ہونگے اور دشواریاں دور ہونگی -]

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Malik is not here. Mr. Rameshwar Singh. I think there are no specific questions. Generally you can make your points. You make your observations.

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) : उपसभापति महोदय, मुझे इसमें कोई आपत्ति नहीं है। मैं आपके द्वारा सदन को थोड़ा अपनी राय से बहुत मन मजबूत बना करके सही तथ्यों की तरफ ले जाना चाहता हूं। मदनी साहब ने इस कालिंग अटेंशन पर जो कुछ कहा है मैं पूर्ण रूप से उससे सहमत नहीं हूं; क्योंकि इसको भी जो गतिविधियां हैं, उस पर चर्चा करना चाहता हूं इसलिए आप मुझे माफ करेंगे। क्योंकि केवल यह कहना कि कुछ लोग (व्यवधान) कुछ लोग इसके लिये जिम्मेदार हैं या पुलिस के लोग जिम्मेदार हैं ऐसा मैं नहीं मानता। मेरी एक मान्यता है। मेरा एक सोच है। मैं अपने सम्पूर्ण पोलिटिकल लाइफ की बात कर रहा हूं। जब से मैं राजनीति में हूं और बाल्यकाल से हूं, मैंने कोई दूसरा मजहब अख्तियार नहीं किया, चाहे हिन्दू मुस्लिम दंगे हों, चाहे शिक्षा नीति का सवाल हो; क्योंकि मन्त्री जी ने जो अपना वक्तव्य दिया है, सदन में, उसमें बीस सूत्री कार्यक्रम की भी चर्चा की है। बीस सूत्री कार्यक्रम में सारी बातें उन्होंने कही है कि हम एजूकेशन में समानता लाना चाहते हैं, हम लोगों के स्टेटस में समानता लाना चाहते हैं, हम लोगों का बराबरी का रिश्ता कायम करना चाहते हैं तो मैं शुरू कर रहा हूं आपकी नीयत पर। आप के काम पर। विगत 32 वर्षों में आपने जो किया है उस पर थोड़ा मैं चर्चा करूंगा। विगत 30-32 वर्षों में आप के हाथ में शासन रहा है। बीस सूत्री कार्यक्रम तो आपने अभी 1980 में शुरू किया है या इमरजेंसी में कुछ सूत्री कार्यक्रम आपने चलाया था। इमरजेंसी के दौरान आपने बीस सूत्री कार्यक्रम के इलावा एक पांच सूत्री कार्यक्रम भी उसमें जोड़कर 25 सूत्री कार्यक्रम कर दिया था, लेकिन 25 सूत्री कार्यक्रम से घटाकर अब फिर आप बीस सूत्री कार्यक्रम पर आ गये हैं। मैं दो-तीन मुख्य बातों की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं। यह दंगे आखिर होते क्यों हैं? यह साम्प्रदायिक तनाव क्यों पैदा होता है? जब देश का बंटवारा हुआ तो देश के बंटवारे के बाद कोई कल्पना नहीं कर सकता था कि देश का बंटवारा होगा, महात्मा गांधी और मिस्टर जिन्ना साहब

यह सोच नहीं सकते थे कि देश का बंटवारा होगा लेकिन नतीजा क्या हुआ। चलते-चलते गांधीजी के साथ में कुछ ऐसी परिस्थितियां पैदा हो गई। मैं डिटेल में नहीं जाना चाहता हूं; क्योंकि जाऊंगा तो हमको काफी समय चाहिये। हम को थोड़े समय में अपनी बात कहनी है। नतीजा यह हो गया कि मुल्क का बंटवारा हुआ। इन्हीं सवालों पर मुल्क का बंटवारा हुआ कि अंग्रेज अगर हिन्दुस्तान से जायेगा तो किसके हाथ में हुकूमत मिलेगी कौन लोग हुकमत को चलायेंगे। जिन्ना साहब ने कहा कि मैं हिन्दुस्तान में इसलिये नहीं रह सकता...

श्री अरविन्द गणेश कुलकर्णी (महाराष्ट्र): अरे भाई मेरठ पर आओ (व्यवधान)

श्री उपसभापति : कुलकर्णी जी कृपा कर के उनको बोलने दीजिए।

श्री रामेश्वर सिंह : कुलकर्णी दादा समझे नहीं कि कालिंग अटेंशन किस पर है। तो यह जो दंगा हुआ तो जिन्ना साहब समझते थे बाद में जिन्ना साहब को यह लगा कि हम हिन्दुस्तान में नहीं रह सकते। देश का बंटवारा हो गया करोड़ों करोड़ लोग बेघरबार हो गये, बरबाद हो गये (व्यवधान) उसकी रिस्पांसिबिलिटी किसकी है। मैं यह कहना चाहता हूं कि उस वक्त कांग्रेस का नेतृत्व था। खैर मुल्क का बंटवारा हो गया लेकिन मुल्क के बंटवारे के बाद भी क्या कारण है कि 32 वर्ष के बाद भी कुछ तथ्य वैसे हैं। अभी मैंने आर एस एस का नाम लिया है। मैं मंत्री जी से बहुत अदब से कहना चाहता हूं कि आर एस एस के बारे में मेरा भी रिजरवेशन है। लेकिन साथ ही साथ मुझे खुशी तब होती जब मंत्री साहब वहां पर जमायते इस्लामी और मुस्लिम संगठनों की निंदा करते जो कि इस में शामिल हैं। जो लोग भी इस काम को कराते हैं। मंत्री जी से पूछना चाहता हूं मैं क्योंकि समय बहुत कम है उपसभापति जी, क्या आप ने वहां पर जामा मस्जिद में बैठकर हरिजनों का धर्म परिवर्तन अपने हाथ से करवाया कि नहीं... (व्यवधान)

श्री असद मदनी : बिल्कुल झूठ किसी चीज में शरीक नहीं हुए.... (व्यवधान)

†[شری اسعد مدنی : بالکل جھوٹ کسی چیز میں شریک نہیں ہوئے -]

श्री रामेश्वर सिंह : अगर झूठ है... (व्यवधान)

श्री उपसभापति : उन्होंने मना कर दिया तो मान जाइये.... (व्यवधान) मना कर रहे हैं तो आपको मान लेना चाहिए।

श्री (मौलाना) असरारुल हक (राजस्थान): आपको नाम लेकर आरोप नहीं लगाना चाहिए। धर्म परिवर्तन के लिए आप किसी का नाम क्यों ले रहे हैं कि मदनी साहब या फलाना साहब, (व्यवधान)

†[شری (مولانا) اسرارالحق : آپ کو نام لے کر آروپ نہیں لگانا چاہئے -]

†[Transliteration in Arabic Script]

[شری (مولانا) اسرارالحق]
دھرم پریورتن کے لئے آپ کسی کا نام کیوں لے رہے ھیں - کہ مدنی صاحب یا فلاں صاحب -]

श्री असद मदनी : बिल्कुल ठीक है अगर इसका गलत मामला है तो कहना चाहिए ताकि क्या सच और झूठ है यह साफ हो जायेगा... (व्यवधान)

†[شری اسعد مدنی : بالکل ٹھیک ھے - اگر ان کا غلط معاملہ ھے تو کہنا چاہئے - تاکہ کیا سچ اور جھوٹ ھے یہ صاف ھو جائے گا -]

श्री रामेश्वर सिंह : मैं कह रहा हूं किसी के गलत कहने से मैं थोड़ा मान लूंगा... (व्यवधान)

श्री उपसभापति : इस्तीफा नहीं देंगे....

श्री रामेश्वर सिंह : मेरे पास फोटो है, मेरा देखा हुआ फोटो है । अगर यह बात असत्य हो जायेगी तो मैं कल इस सदन में अपना इस्तीफा पेश करके हमेशा हमेशा के लिए बाहर चला जाऊंगा ।

श्री असद मदनी : बिल्कुल पेश करें । कतई तौर पर चैलेंज है । बिल्कुल गलत है । हर चैलेंज कबूल करने के लिए तैयार हैं ।

†[شری اسعد مدنی : بالکل پیش کریں - قطعی طور پر چیلنج ھے - بالکل غلط ھے - ھر چیلنج قبول کرنے کے لئے تیار ھیں -]

श्री उपसभापति : वह कह रहे हैं गलत है तो... (व्यवधान)

श्री असद मदनी : फोटो लाओ । गलत फोटो बन सकता है । बिल्कुल गलत है । हरगिज यह बात नहीं है हर चैलेंज कबूल करने के लिए तैयार हैं ।

†[شری اسعد مدنی : فوٹو لاؤ - غلط فوٹو بن سکتا ھے - بالکل غلط ھے - ھرگز یہ بات نہیں ھے ھر چیلنج قبول کرنے کے لئے تیار ھیں -]

श्री रामेश्वर सिंह : मैं उस पर आ रहा हूं.... मैं अभी भी कह रहा हूं गृह मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं । मैं कह रहा हूं सत्ता पक्ष ने बराबर इस देश में कम्यूनल वातावरण को पैदा किया है । विरोध पक्ष हमेशा इस के खिलाफ रहा है और हम उन लोगों में से हैं और अभी भी मैं रिपीट कर रहा हूं कि कल को मैं फोटो को इस सदन में लाने की कोशिश करूंगा.....

श्री उपसभापति : यह सदन इस काम के लिए नहीं है । खत्म करिये ।

श्री रामेश्वर सिंह : बैठो साहब बैठिये । मैं गृह मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि आपकी सी आई डी पुलिस थी जिस दिन धर्म परिवर्तन कराया गया । अगर यह बात आपके रिकार्ड में है, तो रिकार्ड आप पेश करें । अगर उसमें न हो यह बात कि मंत्री साहब वहां मौजूद नहीं हैं, तो भी मैं इस्तीफा दे दूंगा । मैं यह भी कह रहा हूं । क्यों ? क्योंकि मेरी जानकारी की बात है । मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो... (व्यवधान)

†[]Transleteration in Abrabic script.

**श्री असद मदनी** : बिल्कुल ठीक है होम मिनिस्टर साहब जवाब देंगे । कोई कुछ कहे जो बात गलत है वह गलत है । अगर गवर्नमेंट भी गलत बात कहेगी तो हम गलत कहेंगे ... (व्यवधान)

†[شری اسعد مدنی : بالکل ٹھیک ہے ہوم منسٹر صاحب جواب دیں گے - کوئی کچھ کہے - جو بات غلط ہے وہ غلط ہے - اگر گورنمنٹ بھی غلط بات کہے گی ہم غلط کہیں گے -]

**श्री उपसभापति** : हां गया, आपने कह दिया, दूसरी बात कीजिए इसको समाप्त करिये ... (व्यवधान)

**श्री रामेश्वर सिंह** : मैं आगे बढ़ रहा हूं । मैं यह कह रहा हूं कि सरकार जांच कराये और रिपोर्ट को पेश करे, पहला नम्बर और दूसरा नम्बर, यह सरकार ही सारे झगड़े की जड़ है । सरकार कहती है कि हम शिक्षा नीति में बराबरी लाएंगे । लेकिन 30-32 वर्ष में... (समय की घंटी) शिक्षा नीति में आपने कौन सा परिवर्तन किया ?

**श्री (मौलाना) असरारूल हक** : आपने ढाई वर्ष उड़ा दिये । 32 वर्ष क्यों कह रहे हैं, आपने जनता वाले वर्ष उड़ा दिये । 35 वर्ष हो गये, 35 वर्ष हो गये हिन्दुस्तान की आजादी यह वह बार-बार कह रहे हैं लेकिन ये ढाई साल कहां चले गये... (व्यवधान)

†[شری (مولانا) اسرارالحق : آپ نے ڈھائی ورش اڑا دیئے - ۳۲ ورش کیوں کہہ رہے ہیں آپ نے جنتا والے ورش اڑا دیئے - ۳۵ ورش ہو گئے - ۳۵ ورش ہو گئے ہندوستان کی آزادی کو یہ بار بار کہہ رہے ہیں - لیکن یہ ڈھائی سال کہاں چلے گئے -]

**श्री रामेश्वर सिंह** : मैं उन लोगों में से नहीं.... (व्यवधान)

**श्री उपसभापति** : अब कृपा करके समाप्त करिये । दस मिनट हो गये, अब समाप्त कीजिए ।

**श्री रामेश्वर सिंह** : उपसभापति जी, मैं जो बात कह रहा हूं ।... (व्यवधान)

**श्री उपसभापति** : प्लीज, अब आप समाप्त कीजिए ।

**श्री रामेश्वर सिंह** : मैं समाप्त ही करने जा रहा हूं । मैं इस पर ज्यादा विवाद नहीं करना चाहता लेकिन मैं यह कह रहा हूं कि यह जो भी दंगे हो रहे हैं, इनके साथ में एक नवीनतम कंडिशन भी जुड़ी हुई है, इसके साथ-साथ पालिटिक्स भी जुड़ी हुई है ।

अगर हिंदू दंगाई है, तो वह उतना ही जुर्मी है जितना एक इदंगाई को होना चाहिए । अगर हिंदू गलत काम करता है, तो वह उतना ही गलत है । आपने यह जिक्र किया । मैं यहां पर कम्यूनल वातावरण—मैं उन लोगों में से हूं जो हमेशा सिक्यूलरिज्म के लिए लड़ाई लड़ता रहा है । आपने उसकी निंदा की है कि जो एक पुजारी के पेट में पहले छुरा मार दिया । यह बात क्या सही नहीं है ? आप इससे क्यों इन्कार करते हैं ?

क्या यह सही नहीं है कि वहां पर कुछ ऐसे भी नेता गये, चाहे वे हिन्दू हों या

†Transliteration in Arabic script.

[श्री रामेश्वर सिंह]

मुसलमान नेता गये, जिन्होंने दोनों दलों के लोगों को उभार दिया और दोनों वर्गों के लोगों को उभार करके दंगा करवाया। इसका इस्तेमाल सरकारी पक्ष करता है और यहां प्रधान मंत्री कहती हैं कि हम मुल्क में सैक्यूलरिज्म चाहते हैं।

अब असम में क्या हो रहा है। वहां भी तो जो दंगे हो रहे हैं, अभी जो मकान जलाए गये हैं, बंगला देश के लोग जाकर.. (व्यवधान)

श्री (मौलाना) असरारुल हक़ : वह तो आप ही लोग करवा रहे हैं... (व्यवधान)

†[شری (مولانا) اسرارالحق : وہ تو آپ ہی لوگ کروا رہے ہیں-]

श्री उपसभापति : आप क्यों बोलते हैं।

श्री रामेश्वर सिंह : आपको मालूम होगा कि बंगला देश से लोग आए।

श्री उपसभापति : छोड़िये बंगला देश को ...(व्यवधान)

श्री रामेश्वर सिंह : बंगला देश से लोग आए और सरकार उनको रोक नहीं पाई।

श्री उपसभापति : उस पर तो अलग बहस होगी।

श्री (मौलाना) असरारुल हक़ : वहां तो बिहार और उत्तर प्रदेश वाले मारे गये हैं, जो चाय-बागान में मजदूर आदमी काम करते हैं, चाय-बागान वाले लोग थे।

†[شری (مولانا) اسرارالحق : وہاں تو بہار اور اتر پردیش والے مارے گئے ہیں- جو چائے باغان میں مزدور آدمی کام کرتے ہیں- چائے باغان والے لوگ تھے-]

श्री रामेश्वर सिंह : असम के चुनाव के दौरान जो बंगला देश के बार्डर पर से जो लोग आकर के हजारों मकान जला गये, मार गये, सरकार ने क्यों नहीं रोका उनको। आप बैठे हैं गृह मंत्री जी, आप तो वहां गये थे... (समय की घंटी) आप दंगई हैं, गृह मंत्री दंगई हैं, प्रधान मंत्री दंगई हैं; क्योंकि आपने यह सारा करवाया है। इसकी रेस्पांसिबिल्टी आपको अपने कंधे पर लेनी पड़ेगी। यह कहने के साथ नहीं चलेगा कि देश में सेक्यूरिज्म रहना चाहिए। यह कैसे चलेगा। एक तरफ तो आप अपने मनमाना कानून थोपते जाएंगे (व्यवधान)

श्री उपसभापति : अच्छा अब आप समाप्त कीजिए।

श्री रामेश्वर सिंह : तो सेक्यूलरिज्म रहना चाहिये, वह कैसे रहेगा। एक तरफ तो आप मनमाना... (व्यवधान)

श्री उपसभापति : अब आप कृपया समाप्ति कीजिए।

श्री रामेश्वर सिंह : अगर असम का सारा मामला बिगाड़ा है, तो आपने बिगाड़ा है, अगर पंजाब का मामला बिगाड़ा है, तो आपने बिगाड़ा है और अगर बंगाल का मामला बिगाड़ा है, तो आपने बिगाड़ा है।

†[Transliteration in Arabic Script]

आखिरी बात मैं कहना चाहूंगा-- गरीबी की रेखा के नीचे की चर्चा.. (व्यवधान)

श्री उपसभापति : वह आप अलग से चर्चा करिये । वह राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में आई है ।

श्री रामेश्वर सिंह : मुझे दो मिनट और दीजिए ।

श्री उपसभापति : आप पन्द्रह मिनट लेना चाहते हैं ।

श्री रामेश्वर सिंह : नहीं, मैं दो मिनट और लूंगा ।

श्री उपसभापति : अच्छा, एक ही मिनट और ।

श्री रामेश्वर सिंह : आपने गरीबी की रेखा की चर्चा की है, बत्तीस साल में गरीबी की रेखा की यह हालत हो गई कि आज 47 प्रतिशत गरीबी की रेखा के नीचे रह रहे हैं ।

आपने गरीबी की रेखा से उठाने के लिए कौन से काम किये हैं ? क्या एशियाई गेम करके आपने गरीबी की रेखा से लोगों को उठा दिया ?

एक तरफ इस देश में तीन लाख रुपया प्रधान मंत्री पर रोज खर्च होगा और दूसरी तरफ तीन आना और दस पैसे पर लोग गुजर-बसर करेंगे और आप कहेंगे कि मुल्क सही रास्ते पर चल रहा है--जब तक आपकी यह नीति चलती रहेगी--आप अभी कर्नाटक और आन्ध्र में हारे हैं, इस बार हारेंगे, तो आप को सारे देश में हारना पड़ेगा और आपको सबक सिखा दिया जाएगा ।... (व्यवधान)

SHRI P. C. SETHI: Sir, I refuse the allegation that Rs. 3 lakhs are being spent on the Prime Minister everyday.

श्री इन्द्रदीप सिंह : (बिहार) : उपसभापति महोदय, मैं गृह मंत्री जी के साथ अपनी भी और अपनी पार्टी की हमदर्दी उन लोगों के साथ जाहिर करता हूं जो साम्प्रदायिक दंगों के शिकार हुए हैं । हमारे देश के लिए यह बड़े दुर्भाग्य की बात है । धर्म निरपेक्षता का आदर्श हम ने रखा है और धर्म-निरपेक्षता के आदर्श को संविधान में भी स्थान दिया है, जिस संविधान के प्रति हम सब लोग शपथ लेते हैं । लेकिन बड़े अफसोस और दुर्भाग्य की बात है कि इस के बावजूद साम्प्रदायिक उपद्रव की घटनाएं घटती नहीं है, बल्कि बढ़ती जाती हैं । मेरा ख्याल है कि पिछले तीन वर्षों में भी बढ़ी हैं । गृह मंत्री के पास आंकड़े होंगे । इन तीन वर्षों से पीछे वाले तीन वर्ष भी लिए जायें तो उन में भी वे बढ़ी ही हैं । ये घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है । यहां प्रश्न किसी एक घटना का नहीं है । क्या कारण है कि इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं ? मैं कुछ तत्वों की ओर ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं आप के जरिए गृह मंत्री जी का; क्योंकि उन के वक्तव्य में इन का कोई उल्लेख नहीं है । मैं गृह मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि वह बताएं कि क्या यह सही है या नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में विषैला साम्प्रदायिक प्रचार हमारे देश में बढ़ गया है, किस्म-किस्म के साम्प्रदायिक संगठन खड़े हो गये हैं और साम्प्रदायिक प्रचार को उन्होंने

[श्री इंद्रदीप सिंह]

अपना पेशा बनाया है और इस के लिए उन को काफी पैसे मिलते हैं । उदाहरण के लिए आर एस एस और जमायते-इस्लामी के नाम लिये गये । सही नाम लिये गये । मैं भी थोड़ा उन की चर्चा करूंगा । एक और संगठन इधर खड़ा हो गया है विश्व हिन्दू परिषद । यह विश्व हिन्दू परिषद जहां जलसा करता है वहां दंगा होता है ।

डा० भाई महावीर (मध्य प्रदेश): आप को पता है कितने जलसे हुए, कितने दंगे हुए ?

श्री इन्द्रदीप सिंह : हां, हम को कुछ पता है ।

डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला (महाराष्ट्र) : दंगे उस से ज्यादा हुए ।

डा० भाई महावीर : कुछ लोगों को कुछ नाम लेने की आदत पड़ गयी है । (व्यवधान)

श्री इंद्रदीप सिंह : यह माननीय सदस्य विश्व हिन्दू परिषद के नहीं हैं तो क्यों छटपटा रहे हैं ?

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : आप भड़काते हैं, आप की पार्टी का सिद्धांत यह है कि हिन्दू-मुस्लिम झगड़े कराओ । सी पी आई के लोग हिन्दू-मुस्लिम दंगे कराते हैं ।

श्री इंद्रदीप सिंह : इस विश्व हिन्दू परिषद की तरफ से एक सज्जन ने पिछले महीने एक लेख लिखा । इस देश के एक प्रतिष्ठित अखबार ने उसे छापा, 'स्टेट्समैन' ने । उस में यह कहा गया कि देश का विभाजन हो जाने के बाद 1947 में अब मुसलमानों को इस देश में रहने का हक नहीं है ।

डा० भाई महावीर : लेखक कौन है ?

श्री इंद्रदीप सिंह : बलराज मधोक ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : यही इन का ज्ञान है, बलराज मधोक विश्व हिन्दू परिषद का है । इस से पता लगता है कि कितनी अक्ल है इन में ।

श्री इंद्रदीप सिंह : इस किस्म का कम्युनल प्रोपेगैंडा इस देश में होता है, खुलेआम अखबारों में होता है । हम जिस चीज की ओर आप का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं और गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं--मुझे इस की कोई परवाह नहीं है कि हमारे जगदीश प्रसाद माथुर सम्प्रदायवाद का प्रचार करें, मैं जानता हूं यह उन का धर्म है, वह करेंगे, मुझे अफसोस तब होता है...

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : रूस का प्रचार आप का धर्म है ।

श्री इंद्रदीप सिंह : वह हमारा धर्म है और सम्प्रदायवाद का प्रचार करना आप का धर्म है । अब बैठ कर सुनिये ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : रूसियों को इनवाइट करना आप का धर्म है ।

श्री इंद्रदीप सिंह : मुझे अफसोस तब होता है जब सत्तारूढ़ दल के लोग इस विश्व हिन्दू परिषद की ओर से आयोजित विराट हिन्दू सम्मेलन में शामिल होते हैं । कुछ जलसों में सभापतित्व भी उन लोगों ने कुछ स्थानों पर किया है एक सज्जन ऐसे हैं जो कि पहले शासक दल में मिनिस्टर रह चुके हैं ।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : नाम ही ले लीजिए न, श्री करण सिंह ।

**श्री उपसभापति** : नाम मत लीजिए। वे दूसरे हाउस के मेम्बर हैं।

**श्री इंद्रदीप सिंह** : दूसरे लोग जो अभी भी (व्यवधान) सत्तारूढ़ दल में हैं, वह लोग भी जा कर इन सम्मेलनों में हिस्सा लेते हैं । एक बार हमारी पार्टी का एक प्रतिनिधिमण्डल गया था प्रधान मंत्री जी के यहां । हम लोगों ने उन से कहा कि आप क्यों नहीं अपने दल के लोगों पर अनुशासन लगातीं कि इस तरह के साम्प्रदायिक जलसों में वे हिस्सा न लिया करें । प्रधान मंत्री जी ने कहा कि हम ने आदेश दे दिया है । लेकिन जाहिर है कि उस आदेश का पालन नहीं होता । तो इस तरह का प्रचार विश्व हिन्दू सम्मेलन की ओर से होता है और यह उस का एक मिसाल है । जमायते इस्लामी की तरफ से भी ऐसा ही कुछ प्रचार होता है और इस तरह के जो दूसरे संगठन हैं जैसे "तुलबा" उन की तरफ से भी होता है ।

**डा० भाई महावीर** : क्या प्रचार होता है विश्व हिन्दू परिषद की ओर से वह तो बता दीजिए ।

**श्री इंद्रदीप सिंह** : उन का मंशा जाहिर है ।

**डा० भाई महावीर** : उनके शब्दों को बताइये और बताइये कि प्रचार क्या होता है । (व्यवधान)

**श्री उपसभापति** : कृपा कर उन को बोलने दीजिए ।

**श्री इंद्रदीप सिंह** : बात चुभती है इसलिये ही बोल रहे हैं । उन के प्रचार का लुब्बेलुवाब यह होता है कि यह देश हिन्दुओं का है । यहां मुसलमान को या तो रहने का हक नहीं है या अगर वह रहते हैं तो उन को सेकिंड क्लास सिटीजन बन कर रहना होगा । यह उन के प्रचार का लुब्बेलुवाब है ।

**डा० भाई महावीर** : क्या आप उस को पेश करेंगे । विश्व हिन्दू परिषद की ओर से जो प्रचार होता है उस को क्या आप पेश करेंगे ?

**श्री इंद्रदीप सिंह** : मैं पेश करूंगा ।

**डा० भाई महावीर** : आप ने प्रचार कर के जो देश का विभाजन करवा दिया उस का क्या होगा ? उस का औचित्य भी तो बतलाइये ।

**श्री इंद्रदीप सिंह** : आप ने गांधी जी की हत्या करवाई । (व्यवधान) इस लिये यह जो संगठन हैं जो इस तरह का प्रचार करते हैं, जो जनता के मनोभाव को दूषित करते हैं उन पर निगरानी आवश्यक है और शासक दल के लोग उस में शामिल होते हैं उन के ऊपर भी नियंत्रण आवश्यक है । आर० एस० एस० की शाखाओं पर प्रतिबन्ध लगना चाहिए । उस की बात कही गयी है ।

**श्री उपसभापति** : अब आप समाप्त करिये ।

**श्री इन्द्रदीप सिंह** : अभी तो एक ही बात मैंने कही है, उसी से ये लोग नाराज हो गये हैं । मैं एक दो-बातें और कहूंगा और ज्यादा समय नहीं लूंगा । इस संबंध में मैं एक बात की चर्चा और करूंगा । कई जगहों पर जहां सांप्रदायिक उपद्रव हुए, मुझे जाने का मौका मिला है । मैंने देखा है बिहार में, उत्तर प्रदेश में और अन्य जगहों पर । बदकिस्मती से हम लोगों ने पाया है कि सरकार जो सशस्त्र पुलिस भेजती है या जो अफसर वहां भेजे जाते हैं

[श्री इन्द्रीप सिंह]

वह भी सांप्रदायिक विद्वेष से प्रभावित होते हैं और सरकार ने इस बात को स्वीकार भी किया है कि पुलिस फोर्स को वह रिआर्गेनाइज करना चाहती है। ऐसा उसने आदेश भी दिये हैं। मैं गृह मंत्री जी से गंभीरतापूर्वक एक प्रश्न करना चाहता हूं और वे उसका स्पष्ट जवाब दें। यह पूरे देश के लिये बड़ा कल्याणकारी होगा अगर गृह मंत्री जी इस का स्पष्ट उत्तर दे देंगे। मैं जिस जमाने में कुछ समय के लिये बिहार गवर्नमेंट का एक मिनिस्टर था, उस समय रांची में दंगा हुआ था और उस दंगे के बाद जब हम लोग रांची गये, तो देखा कि जितने पुलिस के कर्मचारी या अधिकारी दंगे को रोकने के लिये वहां भेजे गये थे, उन में एक भी मुसलमान या इसाई नहीं था। वे बिहार की सशस्त्र पुलिस के लोग थे। वहां से लौटने के बाद चीफ सेक्रेटरी से हम लोगों ने पूछा कि क्या वजह है कि बी. एम. पी. की जो टुकड़ी आपने भेजी उसमें एक भी मुसलमान नहीं था। चीफ सेक्रेटरी ने कहा कि 1948 का भारत सरकार के गृह मंत्रालय का गुप्त आदेश है, सरकुलर है कि सशस्त्र पुलिस में माइनोरिटी के लोगों को भर्ती नहीं किया जायेगा। मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि 1948 में होम मिनिस्टरी ने तमाम स्टेट गवर्नमेंट्स को जो सरकुलर देकर आदेश दिया था कि आर्म्ड फोर्सेज में, मिलिटरी पुलिस में, माइनोरिटी का कोई भर्ती नहीं किया जायेगा, क्या वह सरकुलर अभी भी स्टेण्ड करता है? क्या उस सरकुलर को आपने विदड्रा किया है? आपने विदड्रा किया है, तो कब किया है, यह आप पार्लियामेंट को और पार्लियामेंट के जरिये पूरे देश को बता दीजिए और आप आश्वासन दीजिए....

**श्री उपसभापति** : आप कृपया समाप्त कर दीजिए।

**श्री इंद्रदीप सिंह** : मैं इस विचार से सहमत हूं कि कम्पोजिट फोर्सेस बननी चाहिएं.. (व्यवधान) एक शब्द मैं कहूंगा कि नेशनल इंटेग्रेशन कौंसिल के बारे में? कुछ दूसरी कमेटी बनाने की बात कही गई है। मैं समझता हूं कोई और कमेटी बनाने की आवश्यकता नहीं है। नेशनल इंटेग्रेशन कौंसिल को ठीक से बनाना ही पर्याप्त होगा। लेकिन दो शर्तें हैं। एक तो यह कि जो सैक्यूलर नहीं हैं, उनको उसमें से निकाल दिया जाए और जिन पार्टियों और संगठनों के लोग धर्म-निरपेक्षता के आदर्श में, सिद्धांत में, विश्वास नहीं रखते—जैसे बी. जे. पी. है, मुस्लिम-लीग है—उनको निकाल दिया जाए। ऐसे संगठनों को उसमें स्थान नहीं मिलना चाहिये।

**डा० भाई महावीर** : जिन पार्टियों के लोग भारत को एक राष्ट्र ही नहीं मानते उनको भी शामिल नहीं किया जाए... (व्यवधान) आपने बी जे पी को सर्टीफिकेट दिया, इसलिए मुझे आपसे पूछना है कि आपकी पार्टी जो देश को एक राष्ट्र ही नहीं मानती... (व्यवधान)

**श्री इंद्रदीप सिंह** : जमशेदपुर में जब दंगे हुए थे तो दीनानाथ पांडे का नाम मैंने इसी सदन में लिया था। जो जुडिशियल कमीशन बैठा था उसने भी उसको दोषी पाया। वह आपकी पार्टी का था... (व्यवधान)

**श्री जगदीश प्रसाद माथुर** : सी. पी. आई. के एक एम. एल. ए. ने रिजाइन किया (व्यवधान)

**श्री रफीक जकरीया** : मुझे डर लगा रहता है, जब आप इतने एक्साइट हो जाते हैं।

श्री इंद्रदीप सिंह : नेशनल इंटेग्रेशन कौंसिल के संबंध में हम उचित वातावरण तैयार कर सकते हैं बशर्ते कि सरकार अपने प्रशासन को और अपनी पार्टी को, दोनों को जरा दुरुस्त करे । इसमें सम्प्रदायवादियों को जगह नहीं होनी चाहिये ।

SHRI P. C. SETHI: Sir, I have just now stated during the Question Hour that on 18th January, 1983 we wrote to all the State Governments that the Armed Constabulary of the State should have the representation of cross-section society and, therefore, ther^ is no question of any such circular being in force.

